भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2869**
जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

## चोकपोट उप-संभाग, साउथ गारो हिल्स में सड़क की स्थिति

2869. श्री सालेंग ए. संगमाः
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) दक्षिण गारो हिल्स के चोकपोट उप-संभाग में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अंतर्गत सड़क अनुरक्षण और विकास परियोजनाओं की क्या स्थिति है और क्षेत्र में खराब सड़क की स्थिति और सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए क्या योजना बनाई गई हैं।
(ख) एनएचएआई द्वारा दक्षिण गारो हिल्स में सड़क अनुरक्षण के लिए अब तक कितनी निधि आवंटित और संवितरित की गई है; और
(ग) एनएचएआई इन सड़क सुधार परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने और स्थानीय अधिकारियों के सामने आने वाली किसी भी संभार या पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान किया जाना सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ किस प्रकार से सहयोग कर रहा है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) मेघालय के दक्षिण गारो हिल्स जिले में चोकपोट उप-संभाग से होकर गुजरने वाला केवल एक राष्ट्रीय राजमार्ग अर्थात एनएच-62 है, जिसके विकास और रखरखाव का कार्य मेघालय के राज्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपा गया है, इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नहीं सौंपा गया है। वर्तमान में, अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (एसटीएमसी) के तहत सड़क रखरखाव का काम चल रहा है। चोकपोट उप-संभाग में एनएच-62 के खंड को पेव्ड शोल्डर के साथ दो-लेन में सुधारने और उन्नत करने के काम को चालू वर्ष की वार्षिक योजना के तहत मंजूरी दी गई है।

(ख) राज्य में सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए धन आवंटित किया जाता है। दक्षिण गारो हिल्स जिले में एनएच-62 के रखरखाव के लिए 628.06 लाख रुपये की राशि के कार्य को मंजूरी दी गई है।

(ग) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा इसकी कार्यान्वयन एजेंसियां परियोजना की तैयारी, भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी आदि जैसी निर्माण-पूर्व गतिविधियों तथा निर्माण संबंधी मुद्दों में तेजी लाने के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय करती हैं।

******